दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 16 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-223

## सीआरपीएफ नहीं होती तो जिंदा बचकर नहीं निकल पाता:शाह

**नईदिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर मतदान होना है। वहीं पश्चिम बंगाल में अमित शाह की रैली को लेकर खूब हंगामा बरपा। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कोलकाता में हिंसा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ममता पर जबर्दस्त हल्ला बोला है। शाह ने कहा कि बीजेपी तो पूरे देश में चुनाव लड़ रही है, लेकिन हिंसा सिर्फ बंगाल में हो रही है। अमित शाह ने कहा कि टीएमसी के गुंडों ने ही उनकी बाइक और गाड़ियां जलाईं, अगर कल सीआरपीएफ नहीं होती तो उनका




जिंदा निकलना मुश्किल था।

अमित शाह ने कहा कि हम 300 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं। पश्चिम बंगाल में हम 23 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं। ममता दीदी आपकी एफआईआर दर्ज की है, आपकी एफआईआर से हम नहीं डरते, मेरे 60 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की जान आपके गुंडों ने ले ली है, हम डरते नहीं है। ममता दीदी जितना भी हिंसा का कीचड़ फैलाओगी कमल उतना ही खिलेगा।पर्यवेक्षकों ने कहा है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए गुंडों को पकड़ना जरूरी है, लेकिन बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है। अगर इसी प्रकार से बंगाल के अंदर चुनाव कराना है तो निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग मूकदर्शक बना हुआ है। चुनाव आयोग बंगाल के अंदर एक भी जगह हिस्ट्री शीटरों की गिरफ्तारी को लेकर चुप है।

## भगोड़े माल्या व नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की जानकारी देने से विदेश मंत्रालय ने किया इन्कार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के संबंध में विस्तृत जानकारी देने से मना कर दिया है। मंत्रालय ने आरटीआइ के नियम का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की जा सकती जिससे अपराधी पर मुकदमा चलाने की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता हो।

एक पत्रकार की ओर से दायर आरटीआइ के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के आवेदन को ब्रिटेन की सरकार के पास भेजा जा चुका है। वह संबंधित ब्रिटेन प्रशासन के संपर्क में हैं। इस संबंध में पत्राचार की प्रति आरटीआइ की धारा 8 (1) (एच) के तहत नहीं दी जा



सकती है। बता दें कि शराब कारोबारी विजय माल्या ब्रिटेन में जमानत पर बाहर है। किंगफिशर एयरलाइंस का पूर्व मालिक माल्या 9 हजार करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपित है। माल्या के प्र?र्त्यपण की अर्जी को इसी साल फरवरी में ब्रिटेन के गृह मंत्री ने मंजूरी दी है। हालांकि माल्या ने अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटेन के हाईकोर्ट में अपील की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 'सीमा दीवार निर्माण पर्यावरण के 'अपरिवर्तनीय क्षति' का कारण बनेगा'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जैव विविधता केंद्र (सीबीडी) ने कहा है सीमा दीवार का निर्माण पर्यावरण के 'अपरिवर्तनीय क्षति' का कारण बनेगा। सीबीडी ने मंगलार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दो अमेरिकी राज्यों में अपनी प्रस्तावित सीमा दीवार का विस्तार करने के लिए ट्रम्प प्रशासन की योजना 40 से अधिक पर्यावरणीय कानूनों को निलंबित करने या खत्म करने की है, जिससे 'ईकोसिस्टम' और वन्यजीवों को नुकसान होगा। सीबीडी के सीमावर्ती प्रचारक लाइकेन जॉर्डल ने कहा, यह निरर्थक दीवार सोनोरन रेगिस्तान की आत्मा को चीरेगी, लुप्तप्राय वन्यजीव को मरने और 'अपरिवर्तनीय क्षति' का कारण बनेगी। हम इस विनाश को रोकने के लिए अपनी शक्ति के अनुसार सबकुछ करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार ट्रम्प प्रशासन अमेरिका के एरिजोना और कैलिफोर्निया में संरक्षित स्थलों के रास्ते सीमा-दीवार निर्माण को गति देने के लिए 41 पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों को समाप्त कर देगा। विज्ञप्ति में बताया गया है कि सीबीडी तथा अन्य पर्यावरण समूहों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस फैसलों को चुनौती देने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू की है।

### श्रीलंका ने आंशिक रूप से कर्फ्यू हटाया

**कोलंबो।** श्रीलंका में मुस्लिम-विरोधी हिंसा के चलते रात में लगाए गए देशव्यापी कर्फ्यू को आंशिक रूप से हटा लिया है और दंगाईयों के साथ सख्ती से निपटने की चेतावनी दी है। ईस्टर रविवार को हुए सिलसिलेवार विस्फोट के तीन सप्ताह बाद ये दंगे हुए हैं। पुलिस ने कहा कि कर्फ्यू उत्तरी-पश्चिम प्रांत में अगले आदेश तक लागू रहेगा, जहां सोमवार को मुस्लिम विरोधी हिंसा भड़की थी। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, फेसबुक, व्हाट्स एप और वाइबर पर प्रतिबंध के बाद मंगलवार को ट्विटर को भी अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया गया। इन सोशल मीडिया साइट पर फेक न्यूज को फैलने से रोकने और हिंसा को रोकने के लिए पाबंदी लगाई गई है। हिंसा के दौरान मस्जिदों और मुस्लिमों की दुकानों को या तो तोड़ दिया गया या जला दिया गया। इसके अलावा हिंसा में मुस्लिम व्यक्ति को जान से मार डाला गया।

### वेनेजुएला में पांच विपक्षी नेताओं की सुरक्षा वापस ली गयी

**ब्यूनस आयर्स।** वेनेजुएला में मौजूदा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के नियंत्रण वाली राष्ट्रीय संविधान सभा ने हाल ही में तख्तापलट की कोशिश में शामिल होने वाले नेशनल असेंबली के पांच सदस्यों को मिलने वाली सुरक्षा एवं सुविधाएं वापस ले ली हैं। विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेंबली के इन पांच सदस्यों पर विश्वासघात, षड्यंत्र रचने और विद्रोह करने का आरोप है। स्थानीय मीडिया वीटीवी के मुताबिक जुआन एंड्रेस मेजिया, सर्जियो वेरगारा, फ्रेडी सुपरलानो, कार्लोस पपारोनी और मिगुएल पिजारो को नेशनल असेंबली के सदस्य के रूप में मिलने वाली सुरक्षा एवं सुविधाएं वापस ले ली गयी हैं। इससे एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय संविधान सभा ने तख्तापलट की कोशिश में शामिल होने वाले सात विपक्षी नेताओं से सारी सुविधाएं वापस ले ली थीं।

### अज्ञात बंदूकधारियों ने की दो सैनिकों की हत्या

**अदेन।** यमन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत तईज में अज्ञात बंदूकधारियों ने मंगलवार को दो सैनिकों की हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि एक मोटरसाइकिल से आये अज्ञात बंदूकधारियों ने सैनिकों पर गोलियां चलायी। एक सूत्र ने बताया कि इस घटना में दोनों सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गयी। मारे गए दोनों सैनिक भाई थे तथा सरकार के 22वें बख्तरबंद ब्रिगेड में तैनात थे। अभी तक किसी भी समूह या व्यक्ति ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## महिला पायलट की यौन उत्पीड़न की शिकायत की उच्चस्तरीय होगी जांच

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपनी एक महिला पायलट की ओर से एक कमांडर के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की उच्चस्तरीय जांच कराने की घोषणा की है। पायलट की ओर से दायर की गई शिकायत के मुताबिक, कथित घटना पांच मई को हैदराबाद में हुई जहां कमांडर उन्हें प्रशिक्षण दे रहा था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया, जैसे ही मामला हमारे संज्ञान में आया,



हमने तत्काल उच्चस्तरीय जांच बैठा दी। पायलट ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि प्रशिक्षक ने उनसे कहा कि पांच मई को सत्र के बाद दोनों को साथ में रात का खाना खाना चाहिए। शिकायतकर्ता ने कहा, हम रात करीब आठ बजे एक रेस्त्रां में गए जहां मेरा बुरा वक्त शुरू हुआ.. उन्होंने मुझे यह बताना शुरू किया कि वह अपने विवाहित जीवन में कितने उदास और दुखी हैं।


## रूस के कुरील द्वीप समूह में मध्यम स्तर के भूकंप के झटके

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण कुरील द्वीप समूह के पास प्रशांत महासागर में भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 आंकी गयी। रूस के भूगर्भीय सर्वेक्षण केंद्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सर्वेक्षण केंद्र ने कहा, कुरील द्वीप समूह के पास सुबह सात बजकर 55 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र इटुरुप द्वीप से 140 किलोमीटर दक्षिण में धरती की सतह से 60 किलोमीटर गहरायी में था।

## आंध्र प्रदेश के चार छात्रों ने जेईई परीक्षा में किया टॉप

**नईदिल्ली।** आंध्र प्रदेश के चार छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के भाग दो पेपर में शत प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है।

एनटीए द्वारा मंगलवार रात घोषित इन नतीजों में चार छात्रों ने संयुक्त रूप से टॉप किया है जिनमें जी एन लक्ष्मी नारायण, जी आर रेड्डी, एस आर रेड्डी और के एन रत्न शामिल हैं। एनटीए की ओर से इस वर्ष आठ जनवरी और सात अप्रैल को बी टेक आर्किटेक्चर और प्लानिंग के लिए आयोजित परीक्षाओं में



61,510 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 27,624 छात्रों ने अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए परिणाम को बेहतर किया।

इसके अलावा एनटीए ने 37 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के अलावा विदेशी श्रेणी के टॉपर की भी घोषणा की है। दोनों परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के बेहतर अंक के आधार पर ये नतीजे घोषित किए गए। देश के 258 शहरों के 373 केंद्रों पर ये परीक्षाएं आयोजित की गई थी इनमें देश से बाहर नौ परीक्षा केंद्र भी शामिल हैं। परीक्षा पहली बार ऑनलाइन हुई थी और उसका लाइव प्रसारण भी हुआ था। इसके अलावा हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट में बीएससी में प्रवेश परीक्षा के भी नतीजे कल रात आ गए। ये नतीजे एनटीए की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

## मेरे भाजपा छोड़ने के फैसले पर रो पड़े थे आडवाणी:शत्रुघ्न

**नईदिल्ली।** भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस से हाथ मिलाने वाले शत्रुघ्न सिन्हा का भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर लगातार वार जारी है। इस दफा सिन्हा ने एक अहम खुलासा किया है। सिन्हा के मुताबिक भाजपा छोड़ने के उनके फैसले से आडवाणी काफी दुखी थे। उनकी मानें तो उनका यह फैसला सुनकर आडवानी जी की आंखों में आंसू आ गए थे। हालांकि, उन्होंने यह कदम उठाने से उन्हें नहीं



रोका। सिन्हा ने कहा- नई राजनीतिक पारी शुरू करने से पहले मैंने आडवाणी जी की आशीर्वाद लिया था। उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दीं, लेकिन वह भावुक हो गए थे। सिन्हा ने दावा किया कि टिकट कटने से आडवाणी जी काफी ज्यादा दुखी थे। उन्हें सबसे ज्यादा दुख इस बात का था कि टिकट काटने के बारे में उन्हें बताया तक नहीं गया था।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी और आज के समय में जमीन-आसमान का फर्क आ गया है। उस वक्त देश में लोकतंत्र था, लेकिन आज तानाशाही का माहौल है।

## भाजपा दलितों को कर रही गुमराह : मायावती

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग दलितों को गुमराह कर रहे हैं। मायावती ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, मोदी सरकार दलित विरोधी है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले पांच साल में बसपा को बदनाम करने की हर कोशिश की, लेकिन विफल रहे क्योंकि उनका हिसाब खुली किताब की तरह है। भाजपा के लोग दलितों को गुमराह करने में



लगे हुए हैं, इनके बहकावे में आने की जरूरत नहीं है।

मोदी के बेनामी संपत्ति के आरोप के जवाब में मायावती ने कहा, पीएम मोदी शालीनताओं को पार कर चुके हैं, वह बसपा को बहनजी की संपत्ति पार्टी कहने में घबराते नहीं हैं। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास जो कुछ भी है, वह शुभचिंतकों और समाज के लोगों ने दिया है और सरकार से कुछ भी छिपा नहीं है। सबसे ज्यादा बेनामी संपत्ति वाले लोग भाजपा से जुड़े हैं। इनका हिसाब-किताब कालीन के अंदर छिपा है।

मायावती ने कहा कि मोदी सिर्फ कागजों पर ही ईमानदार नजर आते हैं, ठीक ओबीसी के दावे की तरह। मोदी वास्तव में कुछ और हैं और जनता के सामने कुछ और बनने की कोशिश करते हैं। मायावती ने मोदी के दलित की नहीं दौलत की बेटी के आरोप पर कहा कि यह उनका असली चेहरा दिखाता है।

## अलवर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से राहुल की मुलाकात रद्द

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अलवर में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से मिलने के लिए बुधवार को प्रस्तावित यात्रा खराब मौसम के कारण रद्द हो गई है। गांधी अलवर के थानागाजी में आने वाले थे लेकिन दिल्ली में खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर नहीं उड़ सका। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट उनके साथ जाने वाले थे।

## 'सीरिया में शांति प्रक्रिया के मुद्दे पर अमेरिका-रूस में बेहतर तालमेल'

**वाशिंगटर्न।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है कि अमेरिका तथा रूस के बीच सीरिया के टकराव वाले क्षेत्र में शांति प्रक्रिया शुरू करने को लेकर बेहतर तालमेल है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से रूस के सोची में मुलाकात के बाद श्री पोम्पियो ने मंगलवार को कहा, संयुक्त राष्ट (संरा) सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 से संबंधित राजनीतिक प्रक्रिया में देरी हुई है और मेरा मानना है कि हम पारस्परिक रूप से अब एक साथ काम करना शुरू कर सकते हैं, जिससे उस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए कम से कम पहला कदम उठाए जा सके। उहोंने पुष्टि की कि दोनों देशों ने सीरिया के मुद्दे पर ठोस रणनीति बनायी है। उन्होंने हालांकि उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि संरा सुरक्षा परिषद ने दिसंबर 2015 संकल्प 2254 पारित कर सीरिया में संघर्ष विराम तथा राजनीति समाधान की घोषणा की थी।

## बारिश से खिले लोगों के चेहरे, मौसम हुआ सुहाना

**नईदिल्ली।** दिल्ली, नोएडा सहित एनसीआर के कई हिस्सों में बुधवार सुबह की शुरुआत बारिश के साथ हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। साथ ही लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है। बारिश के साथ तेज हवा चल रही है और काले बादलों की वजह से अंधेरा छाया हुआ है।



दिल्ली के मंडी हाउस और शास्त्री भवन के आसपास काफी तेज बारिश हुई। सुबह का समय होने की वजह से दफ्तर के लिए निकले लोगों को परेशानी हुई। सोमवार रात को भी कुछ इलाकों में बारिश हुई थी। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, गर्मी से राहत-प्रदूषण में भी कमी कुछ इलाकों में सड़कों पर जलभराव की वजह से जाम भी लग गया है। सुबह का समय होने की वजह से दफ्तर के लिए निकले लोगों को परेशानी हुई। राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के कारण प्रदूषकों के धुलने से वायु गुणवत्ता में भी सुधार आया है। स्काईमेट के अनुसार, बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 126 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम दर्जे में आता है। 0 और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी का माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के कारण प्रदूषकों के धुलने से वायु गुणवत्ता में भी सुधार आया है। स्काईमेट के अनुसार, बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 126 दर्ज किया गया।

## नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी मशीन फूंकी

**गया।** बिहार के नक्सल प्रभावित गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में मंगलवार को हथियारबंद नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी एक पोकलेन मशीन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, भलुआ गांव से बड़की चापी गांव तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान रात को संखवा गांव के पास 20 की संख्या में आए नक्सलियों ने वहां लगे पोकलेन मशीन को आगे के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने इस दौरान एक ट्रैक्टर में भी आग लगा दी, हालांकि वह मामूली रूप से ही जला।



सूत्रों का कहना है कि इस घटना को लेवी (रंगदारी टैक्स) की मांग को लेकर अंजाम दिया गया है। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने बुधवार को बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस और अर्धसैनिक बल घटनास्थल पर पहुंची है और छानबीन में जुट गई है। नक्सलियों के खिलाफ क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।